सज धज के बैठा सांवरा

सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो,
दौड़ा चला वो आएगा दिल से पुकार लो,
सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो।

जिसने भी श्याम प्यारे को दिल में बसा लिया,
उसने अपने जीवन में सब कुछ ही पा लिया,
सेल्फी तो एक बहाना है जीवन सुधार लो,
सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो।

जब जब भी मेरे श्याम को जिसने पुकारा है,
दौड़ा है आया सांवरा देता सहारा है,
दो फूल देके श्रद्धा से बिगड़ी संवार लो,
सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो।

मीरा ने श्याम प्यारे को गिरधर बनाया है,
कान्हा ने आके ज़हर को अमृत बनाया था,
बावा कहे ये वेद से चरणों का प्यार लो,
सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो।

सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो,
दौड़ा चला वो आएगा दिल से पुकार लो,
सज धज के बैठा सांवरा सेल्फी उतार लो।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25352/title/saj-dhaj-ke-baitha-sanwra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |